Title : Need to create Flood Control Centres in all districts of Uttar Pradesh

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) **:** आज मैं सदन का ध्यान उत्तर-प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित 22 जनपदों की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। बाढ़ के कारण आम लोगो के जीवन, खेत-खलियान, श्रम, शिक्षा आदि पर नकारात्मक प्रभाव हो रहा हैं। अगर सिद्धार्थनगर की बात करे तो अब तक 400 से ज्यादा गाँव बाढ़ से प्रभावित है, जैसे कि खजूरडाड, लाउखाई, कालभीरोना आदि। इन सब के अलावा बाढ़ से हुए जनहानि के कुछ आंकड़े मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। अगर जोखिम के आधार पर देखें तो- ? उच्च = 51-100, ? मध्यम = 11-55 तथा ? कम जोखिम में = 10 से कम पिछले पांच वर्षों में बाढ़ के कारण जनहानि दर्ज की गई हैं। इसमें राज्य सरकार माननीय योगी जी के नेतृत्व में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा तथा प्रभावित लोगों से मुलाकात करना किया गया हैं। मैं सरकार से अपील करता हूँ कि राज्य में केंद्र की तरफ से सर्वे करवाया जाये जो कि बाढ़ के मूलभूत कारणों व समाधानों का एक विस्तृत विवरण दे,राज्य में प्रत्येक जिले में 'Flood Control Centres' का गठन किया जाये तथा सभी बाढ़ प्रभावित लोगों को सरकार द्वारा मुआवजा दिया जाये ताकि वे इस आपदा कारण विकास की इस दौड़ में अपने आप को पिछडा महसूस ना करे।